हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025

तापमान
अधिकतम 34.5 डिग्री
न्यूनतम 20.1 डिग्री

11 आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित पृथ्वी सौंपना दायित्व



12 24 घंटे में शहर दूसरी बार हुआ पानी-पानी



## खबर संक्षेप

### डीएन कॉलेज में दूसरी ओपन काउंसलिंग आज

**हिसार।** दयानन्द महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए यूजी की सभी प्रथम वर्ष की कक्षाओं में प्रवेश के लिए दूसरी ओपन फिजिकल कॉऊंसलिंग कल 11 जुलाई को प्रातः 9 बजे से शुरू होकर दोपहर 12 बजे तक होगी। ओपन फिजिकल कॉऊंसलिंग के दौरान विद्यार्थियों को अपने सभी मूल दस्तावेजों तथा उनकी फोटोकॉपी के साथ स्वयं प्रस्तुत होकर महाविद्यालय द्वारा निर्धारित स्थान पर जाकर हस्ताक्षर करने होंगे। तत्पश्चात दोपहर 1 बजे महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर मैरिट लिस्ट लगाई जाएगी।

### उद्घोषित आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा

**हांसी।** पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने लड़ाई-झगड़े के मामले में उद्घोषित आरोपी भिवानी जिले के गांव कलिंगा निवासी बलबीर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार पकड़े गए आरोपी को अदालत ने थाना नारनौंद में दर्ज एक लड़ाई-झगड़े के मामले में उद्घोषित आरोपी करार दिया हुआ था। पीओ स्टाफ हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है।

### अवैध देसी शराब की 32 बोतल के साथ दो काबू

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान थाना शहर हांसी व नारनौंद पुलिस ने अलग-अलग मामलों में 32 बोतल अवैध शराब सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार थाना शहर हांसी ने गश्त पड़ताल दौरान एक व्यक्ति को मुल्तान चौक हांसी से 12 बोतल अवैध शराब सहित ढाणी बुखारी निवासी कश्मीर व थाना नारनौंद पुलिस ने गांव कापड़ो से 20 बोतल सहित कापड़ो निवासी सतीस उर्फ खली को गिरफ्तार कर दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर हांसी व नारनौंद में शराब अधिनियम के तहत अभियोग अंकित कर अवैध शराब को कब्जा पुलिस में लिया गया है।

### फैक्ट्री से लोहा चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**हांसी।** सदर थाना पुलिस ने फैक्ट्री से लोहा चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सिसाय काली रावण निवासी नीतीश व नरेश के रूप में हुई है। शेखपुरा चौकी प्रभारी एसआई कुलबीर ने बताया कि पकड़े गए आरोपितों 9 जुलाई दोपहर में जींद रोड़ स्थित गगनखेड़ी गांव के समीप जैन कार्डबोर्ड फैक्ट्री से लोहे का सामान चोरी कर लिया था। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### जन परिवाद समिति की बैठक 14 को

**हिसार।** जिला लोक संपर्क एवं जन परिवाद समिति की बैठक 14 जुलाई प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय परिसर स्थित जिला सभागार में आयोजित की जाएगी। नगराधीश हरिराम ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक की अध्यक्षता विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार करेंगे। बताया कि बैठक में 14 परिवाद रखे जाएंगे।

### लिंग जांच की सूचना देने वाले को एक लाख मिलेंगे


**हिसार।** जिले में भ्रूण लिंग जांच की रोकथाम के लिए पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के तहत गठित जिला एडवाइजरी कमेटी ने जिले में संचालित सभी अल्ट्रासाउंड सेंटर्स की नियमित निगरानी करने और लिंग जांच की सूचना पर कड़ी कार्यवाही करने की हिदायत दी है। सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत ने कहा कि लिंग परीक्षण करवाना कानूनन अपराध है और इस पर सख्त कार्रवाई की जाती है। बैठक में एक नए रजिस्ट्रेशन, दो रिन्यूअल और एक्ट से जुड़े मामलों पर विचार-विमर्श किया गया।

---

बड़े बाल रखने और धूम्रपान करने को लेकर छात्रों की थी शिकायतें, वारदात से दहशत में स्टाफ

# मास्टर जी ने अनुशासन का पाठ पढ़ाया तो गुरु दक्षिणा में मिली मौत, एक और लड़के को मारने की धमकी

इस चाकू से की हत्या





हिसार। वारदात के बाद स्कूल से भागते दोनों छात्र।



हिसार। स्कूल स्टाफ दहशत में नजर आया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

गुरु पूर्णिमा के पावन त्यौहार पर एक गुरु को अनुशासन का पाठ पढ़ाने की दक्षिणा मौत के रूप में मिली। गांव पुट्ठी निवासी प्राइवेट स्कूल के प्रिंसिपल जगबीर पानू की उन्हीं के स्कूल के दो छात्रों ने चाकू घोपकर हत्या कर दी। जगबीर पानू 25 सालों से गांव पुट्ठी में ही नव चेतना विद्या मंदिर के नाम से अपना निजी स्कूल चला रहे थे। दो साल पहले ही उन्होंने गांव बास में पूर्व विधायिका स्वर्गीय सरोज मोर के स्वजनों से करतार मेमोरियल स्कूल को लीज पर लिया था। यह स्कूल कक्षा पहली से 12वीं तक का था। बड़े बाल रखने, और धूम्रपान को लेकर दोनों की काफी शिकायतें थी। स्कूल में प्रिंसिपल जगबीर पानू पूरे अनुशासन के साथ छात्रों को अनुशासन का पाठ पढ़ाते थे। उन्हें क्या पता था कि स्कूल के ही छात्र उसकी मौत का कारण बनेंगे।

#### बैग से मोबाइल फोन और एनर्जी ड्रिंक मिले

घटना को अंजाम देकर दोनों छात्र मौके से फरार हो गए जब पुलिस ने दोनों छात्रों के स्कूल में रखे हुए बैगों की तलाशी ली तो उनमें से एक छात्रा के बैग में मोबाइल फोन और दो एनर्जी ड्रिंक पाए गए है। शायद छात्र इसको पीकर ही वारदात को अंजाम देने के लिए इनको बैग में छुपाकर लेकर आए थे।

#### मृतक का एक बेटा डॉक्टर तो दूसरा वकील

गांव पुट्ठी निवासी मृतक जगबीर की पत्नी ग्रहणी है और उनके दो बेटे हैं। एक बेटा संजीव एमबीबीएस डॉक्टर है और दूसरा बेटा समीर एडवोकेट है। प्रिंसिपल जगबीर हर रोज सुबह आठ बजे से पहले स्कूल में पहुंच जाते थे और स्कूल की छुट्टी के बाद ही घर जाते। वारदात से दहशत का माहौल है।

#### इंस्टाग्राम पर वीडियो डाल महिला से 10 लाख मांगे

इस घटना के बाद स्कूल में दहशत का माहौल है सभी छात्र और स्कूल का स्टाफ डरा हुआ है। घटना के बाद दोनों छात्रों ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करके धमकी देने का काम भी किया है। घटना के बारे में जब स्कूल के अध्यापकों से बातचीत करनी चाहिए तो किसी भी अध्यापक ने बातचीत नहीं की हर कोई इस घटना के बाद डरा हुआ था। इस घटना के बाद दोनों छात्रों ने इंस्टाग्राम पर वीडियो वायरल करके एक महिला को 10 लाख रुपए देने की बात भी कही है और कहा है कि जगबीर का काम तो कर दिया अब तुम्हारे बेटे का नंबर है। इस धमकी भरे वीडियो वायरल के बाद पुलिस ने उनके घर पकड़ और तेज कर दी है। पुलिस का मानना है कि दोनों छात्र शायद किसी बड़े गैंग से भी जुड़े हो सकते हैं।

---

छत से गिरकर नाबालिग की मौत का मामला

## तीसरे दिन भी नहीं करवाया गणेश का पोस्टमार्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

12 क्वार्टर एरिया में डीजे को लेकर हुए मामले में गुरुवार को तीसरे दिन भी मृतक नाबालिग गणेश का पोस्टमार्टम नहीं हुआ। मृतक के परिजन व विभिन्न संगठनों के लोगों सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे रहे।

गुरुवार को प्रशासन की तरफ से तहसीलदार धरने का चला रही संघर्ष समिति से मिले और उन्हें समझाने का प्रयास किया, लेकिन समिति ने स्पष्ट कहा कि जब तक 12 क्वार्टर चौकी तथा नई सब्जी मंडी चौकी प्रभारियों समेत वहां तैनात स्टाफ पर एफआईआर और मृतक के परिवार को एक करोड़ की आर्थिक सहायता नहीं मिल जाती तब तक वे शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाएंगे।

बाद में तहसीलदार ने कमेटी से कहा कि वे उनकी मांगों को लेकर फिर डीसी से मिलेंगे। बता दें कि 12 क्वार्टर एरिया में सोमवार की रात डीजे बंद करवाने गई पुलिस और वहां उपस्थित लोगों में झड़प हो गई थी। इस दौरान छत से गिरकर एक नाबालिग गणेश की मौत हो गई थी जबकि दूसरा घायल हो गया था।

## हिस्ट्रीशीटर के घर से हथियार मिले

**हिसार।** पुलिस उप अधीक्षक मुख्यालय कमलजीत के नेतृत्व में सीन ऑफ क्राइम टीम के साथ मिलकर हिसार निवासी हिस्ट्रीशीटर शुभम उर्फ काकू के घर पर सर्च अभियान चलाया गया। डीएसपी कमलजीत ने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान शुभम उर्फ काकू के मकान से भारी संख्या में हथियार बरामद किए गए, जिनमें गंडासी, कई तलवार, दारात, बड़ी बड़ी छुरिया, डंडे और छीने गए फोन इत्यादि शामिल हैं। पुलिस उप अधीक्षक ने बताया कि आरोपी शुभम उर्फ काकू एक सक्रिय व पुराना अपराधी है, जिसकी हिस्ट्रीशीट कई गंभीर मामलों से भरी हुई है। आरोपी पर थाना शहर, अर्बन एस्टेट और थाना एचटीएम हिसार में हत्या के प्रयास, आर्म्स एक्ट और गंभीर मारपीट से जुड़े कुल 8 अभियोग दर्ज हैं। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।



---

## कार्यकारी अभियंता कार्यालय पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



हिसार। मांगों को लेकर धरना देते जनस्वास्थ्य विभाग कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की जनस्वास्थ्य विभाग ब्रांच ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर विभाग के डिवीजन नंबर एक के कार्यकारी अभियंता के कैमरी रोड स्थित कार्यालय के सामने धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। धरना की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान रमेश शर्मा ने की तथा संचालन ब्रांच सचिव मनोज भांभू ने किया। रमेश शर्मा ने कहा कि डिवीजन नंबर एक की कार्यकारी अभियंता को कई बार मांग पत्र व मौखिक रूप से कर्मचारियों की मांगों व समस्याओं से अवगत करवाया गया, लेकिन उन्होंने अभी तक उनका समाधान नहीं किया। धरना में बलवान कालीरामणा, मनजीत सिहाग, सुनील भुक्कल, कमल किशोर, सुनील कुमार, मनजीत, लीलू राम, सुरेश पूनिया, नरेश मौजूद रहे।

## अचानक पुलिस लाइन पहुंचे एसपी, जांची व्यवस्थाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने गुरुवार को पुलिस लाइन हांसी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी ने पुलिस लाइन में संचालित विभिन्न शाखाओं, भंडारण कक्षों व प्रशिक्षण गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया।

पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण के दौरान मुंशी कक्ष, पुलिस रिकॉर्ड, ड्यूटी रजिस्टर व अन्य अभिलेखों की जांच की गई। उन्होंने संबंधित कर्मियों को रिकॉर्ड को नियमित, पारदर्शी व अद्यतन रखने के निर्देश दिए। इसके पश्चात टीएसआई स्टोर में रखे गए सामान लाठी, हेलमेट, डीएफडी, इतयादि का निरीक्षण किया। उन्होंने सामग्री के रख-रखाव की स्थिति, वितरण प्रक्रिया और स्टॉक पंजी की जांच की तथा व्यवस्था को और बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। एमटी ब्रांच (मोटर ट्रांसपोर्ट शाखा) में पुलिस अधीक्षक ने विभागीय वाहनों की स्थिति, रखरखाव, सर्विस रिकॉर्ड तथा ईंधन वितरण प्रणाली की समीक्षा की।

### अवैध पिस्तोल समेत तीन युवक गिरफ्तार

**हिसार।** पुलिस की स्पेशल स्टाफ टीम ने तीन युवकों को काबू कर तीन अवैध पिस्तोल और 15 कारतूस बरामद किए हैं। स्पेशल स्टाफ टीम प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार ने बताया कि अग्रोहा गोशाला के पास से तीन युवकों सुधीर उर्फ धीरू निवासी खाराखेड़ा, आर्यन बिश्नोई उर्फ सेठी निवासी मंगाली सुरतिया और प्रवेश उर्फ कालू निवासी टिब्बा दाना शेर बताए। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से देशी पिस्तोल और कारतूस बरामद किए गए।

## मिजोरम की टीम ने आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया, समझा : कैसे काम करता है पोषण ट्रैकर ऐप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पोषण अभियान के अंतर्गत सुपोषित ग्राम पंचायत अभियान की समीक्षा के लिए मिजोरम राज्य से आई चार सदस्यीय विशेष टीम ने हिसार जिले का दौरा किया। दौरे का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी केन्द्रों की जमीनी हकीकत को समझना, बच्चों के पोषण स्तर की निगरानी और पोषण ट्रैकर ऐप के उपयोग की समीक्षा करना था। मिजोरम की इस टीम में महिला एवं बाल विकास विभाग के महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी लालनुंपारी हमार, लालथलामुनी रोकुम व 2 सुपरवाईजर लालरुअत्संगा क्विनी, एन गी लालह्मिन्ममाविया शामिल रहे। इस टीम ने जिले के गांव सिसाय कालीरावण, बीड़ हिसार तथा बालक का दौरा किया।

टीम ने आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों की लंबाई और वजन का माप लेकर उसे पोषण ट्रैकर ऐप पर अपडेट किया। गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं से राशन वितरण, पोषण सेवाएं और स्थानीय समस्याओं को लेकर सीधी बातचीत भी की। टीम ने सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन प्रोग्राम, ग्रोथ मॉनिटरिंग और केन्द्रों की बुनियादी सुविधाओं की गहराई से जांच की। इस मौके पर जिले की महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी अनीता दलाल, सुशीला, सुमन सुपरवाईजर एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।



हिसार। निरीक्षण के दौरान उपस्थित मिजोरम से आई विशेष टीम के सदस्य।

---

कावड़ यात्रा को लेकर पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

# कावड़ियों के लिए सड़क पर अलग लेन बनाई

- एसपी सावन ने पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रबंधकों को जारी किए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

कावड़ मेला 11 जुलाई से शुरू होकर 23 जुलाई शिव रात्रि तक जारी रहेगा। ऐसे में विभिन्न जगहों के लिए कावड़ लेकर हिसार जिले के रास्ते से निकलने वाले शिवभक्तों को किसी तरह की असुविधा न हो इसके लिए हिसार पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए हैं। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों और थाना प्रबंधकों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए हैं, ताकि यात्रा के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो और कानून व्यवस्था सुचारू रहे।

कावड़ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा व यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सड़क पर अलग से लेन बनाई गई है। श्रद्धालुओं के रात्रि ठहराव के लिए रूटों पर सामाजिक संगठनों द्वारा स्थापित किए गए शिवरों की पुलिस द्वारा निगरानी की जा रही है।

#### वैकल्पिक रूटों का प्लान तैयार



एसपी शशांक कुमार सावन

एसपी शशांक कुमार सावन ने बताया कि जिले में श्रद्धालु हरिद्वार से पैदल चलकर कावड़ लेकर आते हैं जिसका पवित्र जल शिवरात्रि को भगवान शिव पर चढ़ाया जाएगा। जिन मार्गों से श्रद्धालुओं द्वारा कावड़ लाई जाती है उन सभी मार्गों पर श्रद्धालुओं की सुविधा व कानून व्यवस्था को लेकर पुलिस बल की तैनाती की गई है। श्रद्धालुओं द्वारा बड़ी संख्या में इस्तेमाल किए जाने वाले रास्तों पर यातायात सुचारू रखने के इंतजाम सुनिश्चित किए गए हैं वह पर्याप्त पेट्रोलिंग करवाई जा रही है। यात्रा में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए वैकल्पिक रूटों का भी प्लान तैयार किया गया है। इसके अलावा जिले में पड़ने वाले टोल आदि पर भी सुरक्षा के इंतजाम सुनिश्चित किए गए है।

#### ट्रक यूनियन व बड़े वाहनों चालकों के साथ मीटिंग के निर्देश



पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रबंधकों को निर्देशित किया कि कावड़ यात्रा के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से चलती रहे और शिवभक्त कावड़िए भी अपने-अपने गन्तव्य तक सुरक्षित पहुंच सके। ट्रक यूनियन, सार्वजनिक ट्रांसपोर्ट के मालिकों, ऑटो, जीप/डम्पर चालकों की भी मीटिंग लेकर उन्हें ट्रैफिक नियमों की पालना कर अपनी लेन में वाहन चलाने के निर्देशित करे। निर्माणधीन मार्गो पर साइन बोर्ड लगवाए। मुख्य मार्गो पर संवेदनशील ट्रैफिक प्वाइंटों को चिन्हित कर पुलिस बल की तैनाती करे। साथ ही प्रभावी चैकिंग कर ओवर स्पीड व ट्रैफिक नियमो की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरूद्ध तुरन्त नियमानसुार कानूनी कार्यवाही की जाए।

#### निदेर्श

### कावड़ यात्री पहचान पत्र साथ रखें



पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कांवड यात्रियों से कहा है कि पैदल कांवड़ यात्री यात्रा के लिए कावड़ नहर पटरी का ही प्रयोग करें। कावड़ यात्री अपना पहचान पत्र (डीएल, आधार कार्ड) अवश्य साथ रखें। यात्री अपना वाहन निर्धारित पार्किंगों में ही खड़ा करें अन्यथा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जेबकतरों एवं जहरखुरानी गिरोह से सावधान रहें। वाहन में बैठे कावड़ यात्रियों की सूची एवं यात्रा का विवरण अपने वाहन में अवश्य लगाएं। एसपी ने कहा है कि कांवड़ यात्री, यात्रा के दौरान नशीले/मादक पदार्थों का सेवन न करें। अपने साथ हॉकी, बेसबाल, तलवार, नुकीले भाले, लाठी, डंडे आदि लेकर न आएं। कांवड़ यात्रा में जुगाड़ वाहनों का प्रयोग न करें।

## न्योलीकलां गांव के हिमांशु का डेफ ओलंपिक के लिए चयन



हिसार। विजेता हिमांशु को सम्मानित करते आयोजक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

निकटवर्ती गांव न्योलीकलां के हिमांशु का नवंबर 2025 में टोक्यो जापान में होने वाले डेफ ओलंपिक की डिस्कस थ्रो ट्रायल के लिए सिलेक्शन हुआ है। ट्रायल सफल रहने पर वह टोक्यो में होने वाले डेफ ओलंपिक में भाग लेगा। हिमांशु हिसार के श्रवण वाणी केंद्र में कक्षा 11वीं का छात्र है। उसने मार्च 2025 में केरल के त्रिवेंद्रम में हुए नेशनल गेम्स के डिस्कस थ्रो में इंडिया रिकॉर्ड अपने नाम किया। इससे पहले फरवरी 2023 में इंदौर मध्य प्रदेश में हुए नेशनल गेम्स के डिस्कस थ्रो में पहला स्थान व शॉट पुट में दूसरा स्थान प्राप्त किया। हिमांशु के पिता अनिल मल्हान ने बताया कि हिमांशु ने वर्ष 2021 ,2022, 2023, 2024, 2025 में हुई लगातार स्टेट लेवल डेफ गेम्स में पहला स्थान प्राप्त किया। हिमांशु महाबीर स्टेडियम में कोच संदीप रापड़िया के पास प्रैक्टिस करता है।



हिसार। पदक दिखाता हिमांशु।

# बनो अवेयर रहो सेफ



बच्चों से जुड़े अपराध आए दिन सुनने में आते हैं। इसलिए पापा-मम्मी और घर के सभी बड़े सदस्यों को हमेशा तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। सेफ्टी के लिए तुम्हें बहुत-सी बातें भी बताते हैं। इस मामले में तुम्हें स्वयं भी थोड़ा अवेयर-अलर्ट रहना चाहिए। तुम थोड़ी समझदारी और साहस से काम लेकर हमेशा सेफ रह सकते हो।



सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

बच्चो, तुम्हारे मम्मी-पापा और घर के अन्य सभी बड़े मेंबर्स को तुम्हारी सेफ्टी की चिंता रहती है। तुम्हारी सेफ्टी के लिए ये सभी अपनी ओर से हर बात का ध्यान तो रखते ही हैं, तुम्हें बहुत-सी बातें समझाते भी रहते हैं। लेकिन अपनी सेफ्टी के लिए तुम्हारा खुद भी अवेयर रहना जरूरी है। स्कूल कैंपस, नेबरहुड (आस-पड़ोस) और अपने घर में भी, हर जगह तुम्हें कुछ बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

## समझो सेफ्टी का मतलब

सेफ्टी का मतलब सिर्फ गिरने-पड़ने या चोट लगने से बचना भर नहीं होता। हमारे आस-पास बहुत-सी चीजें और परिस्थितियां असुरक्षित माहौल बना देती हैं। ऐसे में सावधान और सतर्क रहना बहुत जरूरी है। अनजान लोगों के लिए घर का दरवाजा खोल देना, बिना बताए घर से कहीं जाना, इस तरह की आदतें तुम्हारी सेफ्टी के लिए खतरा हो सकती हैं। अनसेफ चीजों, जैसे- रसोई गैस, इलेक्ट्रिक स्विच, नुकीली चीजों आदि को छेड़ना हार्मफुल हो सकता है। लिफ्ट में आते-जाते या बस में ट्रैवल करते समय दिए गए इंस्ट्रक्शंस को ना मानना तुम्हारे लिए एक बड़ा खतरा बन सकते हैं। सेफ रहने का मतलब है, किसी भी खतरे में ना पड़ना, हमेशा सावधान-सतर्क रहना।


## करो अपने को प्रोटेक्ट

बच्चो, इस बात को समझो कि तुम्हारी सेफ्टी के लिए सिर्फ बड़ों का तुम पर ध्यान देना ही काफी नहीं। किसी भी मुसीबत या मुश्किल से अपने आपको प्रोटेक्ट करने के लिए, सेफ रहने के लिए तुम्हारा खुद अलर्ट रहना भी जरूरी है। अपनी सेफ्टी-सिक्योरिटी के लिए तुमको भी कॉन्शस रहना चाहिए।

## प्राइवेसी का रखो ध्यान

बच्चो, इन दिनों तुम अकसर 'प्राइवेसी' और 'साइबर सिक्योरिटी' जैसे शब्द सुनते होगे। तुमने मम्मी-पापा या किसी बड़े को डिवाइस या एप्लिकेशन पर डेटा की सेफ्टी के लिए प्राइवेसी सेटिंग करते देखा होगा। असल में यह प्राइवेसी या सिक्योरिटी केवल स्मार्ट गैजेट्स के लिए नहीं होती। नॉर्मल लाइफ में भी हमारा प्राइवेसी को लेकर अलर्ट रहना जरूरी है। अगर कभी पापा-मम्मी और घर के बाकी लोग कहीं बाहर गए हों और तुम घर में अकेले हो तो ऐसे में घर में अकेले रहने की बात तुम दूसरों को कभी नहीं बताओ। पैरेंट्स के फोन में आए कोड या ओटीपी को उनसे पूछे बिना किसी से शेयर नहीं करो। अपने परिवार की हॉलिडे प्लानिंग के बारे में दूसरों को नहीं बताओ। ऐसी कई बातें तुम्हारी सेफ्टी से गहराई से जुड़ी होती हैं। कुछ बुरे लोग तुम्हारी या तुम्हारी फैमिली की इंफॉर्मेशन लेकर अपने गलत इरादों को पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं। इसीलिए इन मामलों में तुम्हें सावधानी बरतनी चाहिए। घर की बातें, पर्सनल इंफॉर्मेशंस बाहर न बताने की समझ तुम्हें और तुम्हारी फैमिली को सिक्योर रखेगी।





## जानो गुड टच-बैड टच के बारे में

घर में अकेले रहो या किसी रिलेटिव के यहां जाओ। कोई एक्टिविटी क्लास हो या स्कूल बस में आते-जाते। प्ले एरिया हो या किसी फ्रेंड की बर्थ-डे पार्टी। कहीं भी, किसी का भी टच करना अगर तुम्हें अनकंफर्टेबल करता है, तो घर में अपने मम्मी-पापा को जरूर बताओ। ऐसे लोगों से दूर ही रहो, जिनके साथ तुम अनकंफर्टेबल या इनसिक्योर फील करते हो। अजनबी लोग ही नहीं, कई बार रोज मिलने वाले, अकसर तुम्हारे घर आने-जाने वाले लोग भी तुम्हें मिसगाइड कर सकते हैं। तुम्हें उनकी बातों में बिल्कुल नहीं आना है।

## याद रखो, लालच बुरी बला है

बच्चो, हमेशा याद रखो कि लोग लालच देकर भी तुम्हें कहीं बुलाने का प्रयास कर सकते हैं। खाने-पीने या किसी खिलौने के लालच में आकर कभी किसी के साथ नहीं जाना है। हर चॉकलेट देने वाले अंकल-आंटी अच्छे नहीं होते हैं। कोई यूं लालच देकर कहीं बुलाने की कोशिश करे तो मम्मी-पापा को जरूर बताओ। कभी कोई तुम्हें डराने की कोशिश भी कर सकता है। ऐसे में डरने के बजाय तुम अपने घर में बात करो। अगर तुमसे कोई गलती भी हुई है तो अपने बड़ों से सब बातें बताओ।

ऊपर बताई गई सभी बातें तुम्हारी सेफ्टी के लिए बहुत जरूरी हैं। इसलिए पूरी अवेयरनेस के साथ उन बातों को समझो और इन्हें अमल भी लाओ। कभी किसी विपत्ति से घिरो तो डरो नहीं, इसका मुकाबला समझदारी और साहस से करो। *

छोटी कहानी / उषा शर्मा

शेर, गप्पू गधे को खाने के चक्कर में था, लेकिन गप्पू ने बड़ी समझदारी से काम लिया, जिससे शेर बुरी तरह मात खाया।

# समझदार गधा!

गप्पू गधा मैदान में हरी-हरी घास खाकर मस्त घूम रहा था। तभी सामने से एक शेर आता नजर आया, जो उसी की ओर चला आ रहा था। गप्पू को कुछ सूझ नहीं रहा था, वह क्या करे? पहले तो वह घबरा गया फिर उसे एक युक्ति सूझी। वह एक पैर से लंगड़ा-लंगड़ा कर चलने लगा।

शेर ने पास आकर गप्पू से पूछा, 'क्यों भाई, क्या हुआ, ठीक से क्यों नहीं चल पा रहे हो?'

'क्या बताऊं भाई, मेरे पैर में बहुत बड़ा कांटा फंस गया है, जो निकल ही नहीं रहा है, इसके कारण चलने में भी परेशानी हो रही है। दर्द भी काफी हो रहा है।' 'कोई बात नहीं, मैं अभी तुम्हें खा जाता हूं, तुम्हारी सारी परेशानी का अंत हो जाएगा।' शेर बोला।

'हां आप खा तो सकते हैं लेकिन मुझे अपनी नहीं, आपकी चिंता है महाराज।' गधे ने शांत स्वर में कहा। 'वह क्यों?' शेर ने पूछा। 'अरे, मेरे दाहिने पैर में बहुत बड़ा मोटा और लंबा कांटा चुभ गया है, जो पैर में फंसा हुआ है। मुझे डर है कि कहीं यह कांटा आपको नुकसान न पहुंचाए, यह कांटा आपके गले में फंस जाए और आपको तकलीफ होगी तो।' गप्पू मुंह बनाकर बोला।

'यह भी सही है, ऐसा करते हैं कि पहले मैं तुम्हारे पैर से कांटा निकाल देता हूं फिर तुम्हें खा लूंगा, जिससे तुम्हारा दर्द भी खत्म हो जाएगा और मुझे नुकसान भी नहीं होगा। ठीक है, अभी तुम जिस पैर में कांटा लगा है, वह पैर थोड़ा ऊपर करके खड़े हो जाओ।' कहते हुए शेर, गप्पू गधे के पीछे खड़ा हो गया।



जैसे ही गप्पू ने खड़े होकर अपना दायां पैर उठाया और शेर उसके पैर में फंसे कांटे को निकालने की कोशिश में लगा कि गप्पू ने शेर के मुंह पर जोर से अपनी लात मारी। शेर बुरी तरह तिलमिला गया। उसके मुंह और नाक से खून बहने लगा। शेर दर्द से बिलबिला उठा। उधर गप्पू गधा अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकला। शेर देखता ही रह गया। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# गुदगुदाती बाल कहानियां

बच्चो, अभी कुछ ही समय पहले हंसाती-गुदगुदाती अठारह बाल कहानियों की किताब 'लिलिपुट कहानियां' छपकर आई है। इन कहानियों को पढ़ने में तुमको खूब मजा आएगा, क्योंकि इनको खिलंदड़े अंदाज में लिखा गया है। लेकिन हंसाते-गुदगुदाते ही ये कहानियां सरलता से हमें अच्छा इंसान बनने की सीख भी देती हैं। फिर वो चाहे नन्ही जूही की कहानी 'सीख मिल गई' हो, जिसमें वह एक गुब्बारे पर स्केच से आंखें बनाकर उसे खुशी देती है। या फिर 'भविष्य का भूत' कहानी हो, जिसमें एक भूत आकर मनु को दुनिया के सामने आने वाले संकटों के बारे में आगाह करता है। 'दहीवाला, पुलिसवाला' और 'लाल सिंह की बस' पढ़कर तुमको खूब हंसी आएगी। 'दहीवाला, पुलिसवाला' कहानी में एक अनोखे दही-फल बेचने वाले का किस्सा है, जो बच्चों के साथ खूब मस्ती-मजाक भरी बातें करता है, जिसे सुनकर बच्चे हंसी से लोटपोट हो जाते हैं। 'स्कूल भाग गया', 'कहानी का पेड़', 'नीली कार चली अकेले-अकेले' और 'चूहा चला स्कूल' फैंटेसी से भरी कहानियां हैं। इसी तरह एक भेड़िए की अकल ठिकाने कैसे आती है, यह तुम 'एक भेड़िए की दुःख भरी कहानी' में पढ़ सकते हो, तो 'जिराफ चला अपनी तलाश में' में तुम एक ऐसे जिराफ की कहानी पढ़ोगे, जिसे खुद नहीं मालूम कि वो क्या चाहता है? एक शेर के बच्चे और नन्हे लड़के शेरू की मासूम सी कहानी है 'दोस्ती-दुश्मनी'। इस किताब की बाकी कहानियां भी बहुत प्यारी हैं। इन सारी कहानियों को तुम अपने दोस्तों के संग भी पढ़कर इनका मजा ले सकते हो। *




**किताब :** लिलिपुट कहानियां, **लेखक :** समीर गांगुली, **मूल्य :** 280 रुपए, **प्रकाशक :** अद्विक पब्लिकेशन, दिल्ली

## जीके क्विज-161

1. भारतीय नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट कौन बनी हैं?
2. 29वीं एशियाई युवा टेबल टेनिस चैंपियनशिप में अंडर-15 गर्ल्स सिंगल्स में स्वर्ण पदक किसने जीता?
3. भारत की खुफिया एजेंसी रिसर्च एंड एनालिसिस विंग (रॉ) के नए प्रमुख कौन नियुक्त हुए हैं?
4. प्लासी का युद्ध किस ईस्वी में लड़ा गया था?
5. अर्जेंटीना की राजधानी कहां है?
6. डूरंड कप का संबंध किस खेल से है?
7. रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) मापने वाली डिवाइस का नाम क्या है?
8. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
9. विद्युत बल्ब का आविष्कार किसने किया था?
10. दुनिया में कितने महाद्वीप हैं?



बच्चो, जीके क्विज-161 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-160 का उत्तर :** 1.शुभांशु शुक्ला, 2.भारत और श्रीलंका, 3.भारत, 4.ज्योतिबा फुले, 5.केरल, 6.चंद्रमा, 7.अरुणाचल प्रदेश, 8.शहनाई, 9.मेजर ध्यानचंद, 10.विटामिन सी

**जीके क्विज-160 का सही उत्तर देने वाले :** सौरभ- बिलासपुर, अश्विनी-राजनांदगांव, रेशमा-राजनांदगांव, रवि-बलौदा बाजार, पल्लवी-महासमुंद, चंचल-ईमेल से, कबीर-हिसार, दुर्गा-सीतापुर, सौम्या-रायपुर, ललित- भोपाल



कहानी
पूर्ति खरे

किसी परेशानी या मुसीबत में फंसने पर हम अकसर घबरा जाते हैं। चारू की स्कूल बस छूट गई तो वह घबरा गई। लेकिन साथ खड़े उसके दोस्त ध्रुव ने उसे समझाया, इस तरह परेशानी में कभी घबराना नहीं चाहिए, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए। चारू को ध्रुव की बात कितनी समझ में आई, क्या वह अपनी परेशानी से उबर पाई?

# परेशानी में मत घबराना

चारू का आज स्कूल में डांस प्रोग्राम था। पहले से ही वह अपने डांस परफॉर्मेंस को लेकर घबराई हुई थी, उस पर उसकी स्कूल बस भी छूट गई। बस छूटने पर वह सड़क पर खड़ी होकर सुबक-सुबक कर रोने लगी। चारू के साथ खड़ा उसका दोस्त ध्रुव बोला, 'अरे! रो क्यों रही हो? स्कूल बस ही तो छूटी है, कौन-सी आफत आ गई। घर चलो, हम अपने पापा के साथ स्कूल चलते हैं।'

'नहीं ध्रुव! अब तो देर हो जाएगी। मेरे डांस का क्या होगा? घर वापस गए तो मम्मी-पापा भी डांटेंगे।' यह कहती हुए चारू सुबक-सुबक कर रोने लगी।

'तो फिर क्या करें, मैं भी तुम्हारी तरह खड़े होकर रोऊं क्या?' ध्रुव अबकी कुछ गुस्से से बोला तो चारू बोली, 'क्यों न हम बस के पीछे तेज दौड़ लगाकर उसे पकड़ लें। बस अभी आगे कई जगह बच्चों को लेने के लिए रुकेगी।'

'तेरा दिमाग खराब है क्या! सड़क पर इस तरह से दौड़ना खतरे भरा काम है। मेरी बात मान, अब देर मत कर और घर चल।' ध्रुव ने चारू का हाथ पकड़ा और उसे घर ले आया। चारू के पापा ने बस छूटने की बात सुनकर तुरंत अपनी कार निकाली। दोनों बच्चो को कार में बैठा कर स्कूल के लिए चल दिए।

चारू अब भी रोए जा रही थी। पापा ने प्यार से समझाया, 'बेटा, हम आराम से टाइम पर स्कूल पहुंच जाएंगे। तुम चिंता मत करो, रोना बंद करो!'

ध्रुव भी तुरंत बोला, 'अंकल, यही बात तो मैं भी कब से इसे समझा रहा हूं। इसकी तो छोटी-छोटी परेशानियों में ऐसे ही रोने की आदत है। मेरे पापा कहते हैं कि मुश्किल समय में घबराकर नहीं, समझदारी और धैर्य से काम लेना चाहिए।'




'ध्रुव तुम्हारे पापा बिल्कुल सही कहते हैं। घबराहट में हम अकसर गलत और उल्टे-पुल्टे फैसले ले लेते हैं।' चारू के पापा ने ध्रुव की बात का समर्थन किया।

ध्रुव ने अपना एक मुश्किल समय का किस्सा सुनाया, 'पता है चारू! एक बार मैं अपने मम्मी-पापा के साथ मेले में गया था, वहां पर काफी भीड़ थी। गलती से मेरा हाथ मां के हाथों से छूट गया और मैं पीछे रह गया।'

चारू की धड़कनें यह सुनकर बढ़ गईं, वह बोली, 'फिर तुम खो गए?'

ध्रुव ने बताया, 'नहीं चारू, खो जाता तो तुम्हारे साथ स्कूल कैसे जाता। मैं बिना घबराए एक पुलिस अंकल के पास गया, उन्हें मैंने अपने पापा का मोबाइल नंबर बताया। पुलिस अंकल ने नंबर डायल किया, लेकिन पापा का नंबर नेटवर्क प्रॉब्लम के कारण नहीं मिला।'

'फिर...?' चारू को आगे की बात जानने की जिज्ञासा हुई।

'फिर क्या, जहां खोए-बिछड़े लोगों की अनाउंसमेंट हो रही थी, पुलिस अंकल मुझे लेकर वहां पहुंचे और माइक पर अनाउंस करके पापा को उसी जगह पर बुला लिया। पापा मिल गए, बस!' ध्रुव ने हंसते हुए बताया।

चारू के पापा ध्रुव को शाबाशी देते हुए बोले, 'वाह! क्या बात है ध्रुव! अगर परेशानी, मुसीबत में धैर्य और समझदारी से काम लिया जाए तो आसानी से हर मुसीबत से बाहर निकल सकते हैं।'

पापा, ध्रुव की बातें सुनकर चारू सोच रही थी कि स्कूल बस छूटना तो एक छोटी-सी बात है, इतनी-सी बात से वह क्यों घबरा गई, जबकि उसका दोस्त ध्रुव बड़ी मुसीबत में भी नहीं डरा। यह सोचते हुए उसने फैसला लिया कि आगे से वह किसी भी परेशानी से इस तरह घबराएगी नहीं, आराम से उससे निकलने की कोशिश करेगी और हमेशा समझदारी से काम लेगी। क्योंकि किसी भी बुरी स्थिति में घबराकर नहीं, हिम्मत, सूझ-बूझ और धैर्य से ही काम लेना चाहिए। इससे मुसीबत में उबरने का रास्ता मिलता है।'

स्कूल आ गया था। चारू के भीतर की घबराहट अब गायब हो चुकी थी। उसके चेहरे पर मुस्कान थी। *

कविता
हरीश कुमार 'अमित'



## मौसम बारिश का

फिर मौसम बारिश का आया,
रिमझिम देखकर मन हर्षाया।
बारिश की बूंदों ने भर दी,
कैसे सुख से सबकी काया।
टप-टप गिरती बारिश ने कैसा,
मधुर-मधुर संगीत सुनाया।
सड़क पे बहते पानी में मैंने,
कागज की नावों को तैराया।
पापा बोले- तल दो भजिया,
दादा जी ने हलवा बनवाया।
यहां-वहां-जहां भी देखो,
छाता ही छाता लहराया।
मेंढक जी सोते से जागे,
टर्र-टर्र अपना राग सुनाया।
गरमी जी हो गईं छूमंतर,
बारिश जी का जमाना आया।
ओढ़ा दी बारिश ने धरती पर,
हरी-हरी मनमोहक छाया।

## रंग भरो 180



बच्चो, यहां ड्रॉइंग बनाती हुई लड़की का एक ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomi-hb@gmail.com पर मेल करो।



## रंग भरो-179

**रंग भरो-179** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




अंकित, धमतरी


वसनि, रायपुर


भव्या, बिलासपुर


तन्मय, दुर्ग


डॉली, दुर्ग

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, रोहन-भोपाल, हर्ष-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, चंपक-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, दिनेश-करनाल, विनोद-बिलासपुर, ज्योति-कोरबा


तेजस, रायपुर

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य मंत्री से मार्केट कमेटी में अस्पताल बनाने की मांग

**उकलाना।** स्वास्थ्य मंत्री आरती राव का सूरेवाला चौक पर पहुंचने पर सर्व व्यापार मंडल एवं विभिन्न संगठनों द्वारा स्वागत किया गया। इस मौके पर सर्व व्यापार मंडल एवं विभिन्न संगठनों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से उकलाना का अस्पताल उकलाना की मार्केट कमेटी में बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। इस मौके पर सर्व व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष महेंद्र दहमनिया, रोशन मित्तल, श्यामसुंदर बंसल, राजेश जैन, राजेश धलोईया, मदन थाकन, राजेश बिठमडा, सुशील सिंगला, शमी नागपाल आदि मौजूद थे।

### विधायक सेलवाल ने सुनी जन समस्याएं

**बरवाला।** उकलाना विधायक नरेश सेलवाल बीडीपीओ कार्यालय बरवाला में जन समस्याएं सुनने के लिए पहुंचे। विधायक सेलवाल ने लोगों की समस्याएं सुनी और मौके पर ही अधिकारियों से फोन पर बात करके समाधान करवाया। विधायक नरेश सेलवाल ने कहा कि लोग फैमिली आईडी से बहुत अधिक परेशान है। फैमिली आईडी, पहचान पत्र, आधार कार्ड में त्रुटियों को लेकर लोगों को सीएससी सेंटर के बार-बार चक्कर काटने पड़ रहे हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हो रहा है। इस अवसर पर युवा कांग्रेस हलका प्रधान विक्की पुनिया, सत्यवान मतलोडा,आदि उपस्थित रहे।

### शाखा मंडी आदमपुर ने मनाया स्थापना दिवस

**आदमपुर।** भारत विकास परिषद की शाखा मंडी आदमपुर ने अपना स्थापना दिवस मनाया तथा परिषद कार्यालय का भी शुभारंभ गया। अध्यक्ष एडवोकेट अनिल गोयल ने बताया कि आज भाविप का 63वां स्थापना दिवस समारोह सबसे पहले पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में प्रदीप बेनीवाल, नवीन बेनीवाल, पुरुषोत्तम राणा ने पौधरोपण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर गुलशन शास्त्री ने गुरु पूर्णिमा पर भजन सुनाया। हवन यज्ञ अशोक आर्य ने पूरे विधि-विधान से करवाया।

### हरबंस कौर की स्मृति में नेत्र ऑपरेशन शिविर आज

**हिसार।** माता हरबंस कौर की स्मृति में दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में 11 जुलाई को निशुल्क नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित किया जाएगा। स्व. माता हरबंस कौर की स्मृति में चौ. फकीरचंद फतेहचंद मानव कल्याण समिति ट्रस्ट द्वारा यह शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक जारी रहेगा। अध्यक्ष सुरेंद्र कुच्छल, सचिव एडवोकेट राजेश जैन व प्रोजेक्ट हेड रामनिवास अग्रवाल ने बताया कि शिविर में जरूरतमंद लोगों की आंखों के ऑपरेशन प्रशिक्षित व अनुभवी चिकित्सकों द्वारा किए जाएंगे।

### भाविप के स्थापना दिवस पर गोशाला में लगाई सवामणी

**हांसी।** भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय स्थापना दिवस के उपलक्ष में भारत विकास परिषद शाखा हांसी द्वारा देपल रोड़ स्थित श्री सीता राम गऊ सेवा समिति प्रेम नगर में गायों के लिए सवामणी लगाने का कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर प्रांतीय सेवा प्रमुख कमलेश गर्ग ने बताया कि गऊ की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।

## गुजवि के महिला छात्रावास में गुरु पूर्णिमा पर चलाया पौधरोपण अभियान

# आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित पृथ्वी सौंपना हमारा दायित्व : प्रो. बिश्नोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा है कि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित पृथ्वी सौंपना हमारा दायित्व है।

पर्यावरण संरक्षण व्यक्तिगत के साथ-साथ सामुहिक जिम्मेदारी भी है। हर पर्व पर हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। प्रो. नरसीराम बिश्नोई विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास में पौधरोपण अभियान की शुरूआत पर मुख्यातिथि के रूप में अपना वक्तव्य दे रहे थे। गुरु पूर्णिमा तथा सावन माह के शुभारंभ के पवित्र उपलक्ष्य पर आरंभ हुए इस



**हिसार।** गुजवि के महिला छात्रावास में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ करते कुलपति प्रो. नरसीराम बिश्नोई। फोटो :हरिभूमि

अभियान की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने की। प्रो. नरसीराम बिश्नोई ने कहा कि गुजवि पर्यावरण संरक्षण के लिए अति गंभीरता के कार्य कर रहा है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे अपने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण के प्रति जागरूक करें। कुलपति ने सभी को गुरु पूर्णिमा की बधाई भी दी। महिला चीफ वार्डन सुजाता सांघी ने बताया कि विश्वविद्यालय के बागवानी विभाग के सहयोग से छात्रावास परिसर में सौ पौधे रोपित किए गए। इस अवसर पर चीफ वार्डन प्रो. ओपी सांगवान, बागवानी विभाग निदेशक प्रो. नीरज दिलबागी, डिप्टी चीफ वार्डन डा. तेजपाल, प्रो. संदीप राणा, प्रो. सुनीता रानी, प्रो. मनोज दयाल, प्रो. अनिल भानखड़, प्रो. कर्मपाल, प्रो. दलबीर, डा. अंजु गुप्ता, डा. यशपाल सिंगला, डा. सोमदत्त तथा महिला डिप्टी चीफ वार्डन विनिता, लेडी वार्डन कृष्णा देवी व ज्योति रानी के अतिरिक्त बागवानी विभाग व छात्रावास विभाग के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# शिष्यों के लिए गुरु की भूमिका सबसे ज्यादा अहम : कैलाश

- गुरु पूर्णिमा पर विष्णु भगवान मंदिर में श्री सत्यनारायण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

चौपटा बाजार स्थित विष्णु भगवान मन्दिर ट्रस्ट द्वारा बृहस्पतिवार को मंदिर प्रांगण में गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का आयोजन किया गया। कथा के उपरांत खीर की सवामणी का भोग लगाकर भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। कथा में उद्योगपति सुशांत जैन व उनकी पत्नी नम्रता जैन ने मुख्य यजमान के रूप में शिरकत की।

श्री विष्णु भगवान मन्दिर के पुजारी पंडित पुरुषोत्तम जोशी ने पूजन एवं कथावाचक पंडित कैलाश जोशी ने श्री सत्यनारायण भगवान की कथा से पूर्व गुरु की महत्ता बताते हुए कहा कि गुरु हम सभी लोगों को सही राह चुनने में सहायता करते हैं और गुरु हम सभी लोगों को सफलता के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। मुख्य रूप से विद्यार्थी जीवन अर्थात शिष्यों के लिए गुरु की भूमिका सबसे ज्यादा अहम है। गुरु का महत्व वर्तमान समय में ही नहीं बल्कि पुराने समय से ही सर्वोपरि रहा है। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव प्रवीण बंसल, प्रबंधक रतन कुमार शर्मा, जय भगवान, जगमोहन भारतीय, प्रवीण सहारा, रविन्द्र गोयल, सोनू सिंधवानी, गिरीश जोशी, कर्ण जोशी, रामनिवास सरोहा, रामस्वरूप, भीम सैन राजौरा, संजय जैन, विकास जैन, सतीश मंगल, गौरव मंगल आदि उपस्थित रहे।



**हांसी।** कथा के मुख्य यजमान सुशांत जैन को स्मृति चिन्ह प्रदान करते पंडित पुरुषोत्तम जोशी व प्रवीन बंसल। फोटो :हरिभूमि

# गुरु पूर्णिमा उत्सव व मेडिटेशन कैंप लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

ओशो ध्यान उपवन में गुरु पूर्णिमा उत्सव व मेडिटेशन कैंप लगाया गया। इस दौरान साधकों को ध्यान साधना के विविध आयामों से भी परिचित करवाया गया।

उत्सव व मेडिटेशन कैंप के आयोजक स्वामी संजय ने कहा कि सच्चा गुरु अपने शिष्य को अज्ञान के बंधन से मुक्त करवाकर स्वयं को जानने में सहायता करता है। उन्होंने कहा कि गुरु ही अपने शिष्य को ज्ञान, भक्ति व कर्म योग के माध्यम से आत्म-साक्षात्कार के मार्ग पर ले जाता है।



**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में आयोजित गुरु पूर्णिमा उत्सव में हिस्सा लेते साधक।

# ज्ञानदीप आश्रम में हवन कर मनाई गुरु पूर्णिमा

- पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी हवन अहम : महंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु पूर्णिमा पर कैमरी रोड स्थित श्री ओमानंद ज्ञानदीप सेवार्थ आश्रम में हवन यज्ञ किया गया।

महंत राजेश्वरानंद महाराज ने कहा कि आदिकाल से ही हमारे ऋषि-मुनि हवन करते आए हैं। हवन हमारे देवी-देवताओं को प्रसन्न करने के साथ-साथ हमारे वातावरण में फैले विषाणुओं को समाप्त करने तथा हमारे पर्यावरण को स्वच्छ रखने में भी अहम भूमिका अदा करता है। यदि नियमित रूप से घर में पूरी विधि विधान के साथ हवन किया जाए तो इससे संक्रमण में रोकथाम संभव है। इस मौके पर संत मोहन दास कनोजिया, स्वामी हरीरामा नंद, दलबीरा नंद, कला सिंह, महेंद्र सिंह, कैप्टन नरेश कुमार, सवानंद महाराज, साध्वी कमलेश, जयभगवान खर्ब आदि थे।



**हिसार।** हवन में आहुति डालते महंत राजेश्वरानंद महाराज ।

# भाजपा में हर कार्यकर्ता को सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं हिन्दू एकता वाहिनी के प्रदेशाध्यक्ष पीयूष महता को भाजपा जिला प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने पार्टी आलाकमान का आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे बेखूबी निर्वहन करेंगे। पीयूष महता ने प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ोली, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, जिला प्रभारी जवाहर सैनी, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ समेत सभी नेताओं का आभार व्यक्त किया। पीयूष महता ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी है जिसमें हर कार्यकर्ता को सम्मान मिलता है। गौरतलब है कि शिक्षाविद् पीयूष महता भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। महता की नियुक्ति पर भाजपा शुगरफैड के प्रदेश अध्यक्ष विकास बिश्नोई, संजय खरींटा, एडवोकेट सुनीता श्योकंद, एडवोकेट दिलबाग श्योकंद, संदीप भाटिया, रंजीव राजपाल, विनोद सोनी व गौरव कटारिया ने बधाई दी।

# साइंस इनोवेशन प्रतियोगिता में छाए डीपीएस के विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

वीवो टेक्नोलॉजी इनोवेशन, सेंट्रल इंस्टिट्यूट ऑफ़ एजुकेशन, आईआईटी मद्रास, एनसीईआरटी, एसओएफ और डिपार्टमेंट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, भारत सरकार द्वारा साइंस इनोवेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल हिसार की टीम विनोटेक रिसर्चर के नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों ईशान, भावांशु और प्रियांशु ने प्रोजेक्ट हेड व मेंटर डॉ. विकास शर्मा के साथ भाग लिया। डॉ. विकास शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में प्रबुद्ध निर्णायक मंडल के साइंस एक्सपर्ट्स ने डीपीएस की टीम विनोटेक रिसर्चर को युनिक्नेस इन इनोवेशन आईडिया, कवालीटी ऑफ़ वर्क, क्रिएटिविटी, युज्फुल्नेस टू दी सोसाइटी एंड एनवायरनमेंट के आधार पर टॉप टू-हंड्रेड बेस्ट इनोवेटिव साइंस प्रोजेक्ट्स विजेता घोषित किया। इस उपलब्धि पर विद्यालय डायरेक्टर निहाल सिंह व प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर ने प्रोजेक्ट हेड डॉ. विकास शर्मा व विजेता विद्यार्थियों को बधाई व शुभकामनाएं दी।



**हिसार।** विजेता विद्यार्थी प्रधानाचार्या मंजु सुधाकर के साथ।



**हांसी।** कैंप में बच्चों के दांत चैक करती डॉ. गरिमा

# आरपीएस पब्लिक स्कूल में बच्चों का किया स्वास्थ्य परीक्षण

**हांसी।** आरपीएस पब्लिक स्कूल में एनजीओ समिति के अध्यक्ष कुलबीर सिंह के नेतृत्व में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उनकी टीम के डॉ दुष्यंत कुमार, दंत चिकित्सक डॉ गरिमा और नर्सिंग ऑफिसर सुनील कुमार ने छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य जांच की। समिति अध्यक्ष कुलबीर सिंह ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने का यह एक महत्वपूर्ण पहलू है। यह जांच बच्चों में बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं का पता लगाने व उनका निदान करने में मदद करती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुपम गोयल व मुख्याध्यापिका पूजा राणा ने एन जीओ के अध्यक्ष व उनकी टीम का बच्चों के स्वास्थ्य जांच के लिए किए गए परीक्षण के लिए आभार व्यक्त किया।

# कर्मठ कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी से पार्टी संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी : डॉ. गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम में हाल ही में मनोनीत पार्षद एवं भाजपा की जिला इकाई के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने गुरुवार को पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमला गुप्ता के निवास पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की।

इस अवसर पर मनोनीत पार्षद गगन शर्मा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश सुरलिया, जिला सचिव भूप सिंह रोहिल्ला तथा जिला कार्यालय प्रमुख सुरेन्द्र सिंह सैनी उपस्थित रहे। पूर्व मंत्री डॉ. कमला गुप्ता ने कहा कि संगठन में इन कर्मठ व निष्ठावान कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी से पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और मजबूती मिलेगी। इस मौके पर पूर्व मंत्री के मीडिया प्रभारी सुरेश गोयल धूप वाला नें बताया कि इस अवसर पर कृष्ण बिश्नोई, सुभाष सुभाष ढींगरा, मनोज बुडाकिया, मोहित गोयल, अनिल गोदारा, महेन्द्र सिंह पांन्नू, अनुज जैन आदि उपस्थित थे।



**हिसार।** पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता से मुलाकात करते मनोनीत पार्षद व नवनियुक्त पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



**उकलाना।** निदेशक डॉ. केसी शर्मा के साथ विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

### आरडीएम स्कूल में मनाया गुरु पूर्णिमा पर्व

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल के प्रागंण के आषाढ़ पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महर्षि वेदव्यास जी का स्मरण कर पूजा की गई और गुरु पूर्णिमा को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। छोटे-छोटे बच्चों ने भजनों के माध्यम से गुरु महिमा की सुंदर प्रस्तुति की। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी, संस्था निदेशक डॉ. केसी शर्मा, प्रधानाचार्या डॉ. शालू सुवीन कटारिया और सभी अध्यापक उपस्थित रहे। संस्था के चेयरमैन डॉ के.सी. ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु का स्थान जीवन में सबसे ऊंचा और अहम है। हर कार्य को सीखने के लिए गुरु का होना अति आवश्यक है।

# नाली की सफाई को लेकर दो पड़ोसियों में हुई मारपीट

- बाप-बेटे पर नुकीली चीज से वार कर किया घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड़ स्थित दयाल सिंह कॉलोनी में गुरुवार सुबह पानी की निकासी के लिए बनाई गई नाली की सफाई को लेकर दो पक्षों के बीच झगड़ा हो गया। झगड़े में एक ही परिवार के बाप-बेटे गंभीर रूप से घायल हो गए।

घायलों की पहचान दयाल सिंह कॉलोनी निवासी प्रताप सिंह और उनके बेटे सत्यवान के रूप में हुई है, दोनों घायलों को परिजनों द्वारा उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर घायल के बयान दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में सत्यवान ने बताया कि नाली की सफाई और रास्ते की निकासी को लेकर पहले भी कई बार विवाद हो चुका है और पहले भी पुलिस को शिकायत दी जा चुकी थी, लेकिन इस बार मामला हाथापाई और हमले तक पहुंच गया। घटना के बाद मोहल्ले में तनाव का माहौल बना हुआ है।

नागरिक अस्पताल में घायल सत्यवान ने झगड़े के बारे में बताया कि वह सुबह अपनी गली की नाली को लेकर पड़ोसी से बात कर रहा था कि इस दौरान उसके पड़ोसी ने परिजनों के साथ मिलकर हमारे उपर हमला कर दिया।

## अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हांसी स्टेशन के पुनर्विकास का कार्य शुरू

# स्टेशन के पुनर्विकास पर आएगी 16.11 करोड़ की लागत हेरिटेज लुक के साथ यात्रियों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- स्थानीय कला एवं संस्कृति का होगा समावेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत उत्तर-पश्चिम रेलवे, बीकानेर मंडल के 15 स्टेशनों के आलावा 7 स्टेशनों पर भी पुनर्विकास कार्य करवाया जा रहा है, इन 7 स्टेशनों में से हांसी स्टेशन पर पुनर्विकास का कार्य प्रारम्भ हो चुका है और लगभग 15 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

स्टेशन भवन के समरूप में बड़े स्तर पर सुधार कार्य, स्टेशन की ओर आने-जाने वाले मार्ग में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग प्रावधान का कार्य, बाउंड्री वॉल, सर्कुलेटिंग एरिया में सौंदर्य करण, दोपहिया, चौपहिया वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग सुविधा, बुकिंग ऑफिस रिटायरिंग रूम आदि में सुधार, नए टॉयलेट ब्लॉक्स का कार्य होगा। रेलवे स्टेशन पर लगभग 16.11 करोड़ की लागत से होने वाले पुनर्विकास कार्यों में उपरोक्त कार्यों के अलावा सौंदर्य वर्धन के लिए एलइडी लाइटिंग, तथा दीवारों पर आर्टवर्क भी किया जाएगा। स्टेशन का मुख्य प्रवेश द्वार अत्यन्त आकर्षक बनाया जाएगा।

इसके अलावा प्रवेश द्वार की छत पर स्थानीय कला एवं संस्कृति का समन्वय करते हुए कलाकारों द्वारा आकर्षक पेंटिंग की जाएगी। इन सभी सुविधाओं का दिव्यांगजनों तक पहुंच बनाने के लिए उपयुक्त साइनेज भी लगाया जाएगा।

स्टेशन पर 12 मीटर चौड़ा पैदल पुल भी बनाया जाएगा जिसकी अनुमानित लागत लगभग 5.36 करोड़ रुपये है।



**हांसी।** अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत हांसी रेलवे स्टेशन की निर्माणाधीन नई बिल्डिंग

### सोलर ऊर्जा प्लांट होगा स्थापित

*स्टेशन पर प्रकाश व्यवस्था, सुगम, निर्बाध एवं निरंतर तकनीकी रेल कार्यों के संचालन के लिए हरित ऊर्जा उत्पादन सोलर ऊर्जा प्लांट स्थापित किया जाएगा। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन के पुनर्विकसित होने से यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं मिलेंगी, आवागमन सुगम होगा एवं व्यापारी वर्ग भी लाभान्वित होगा। स्टेशन के पुनर्विकास से स्थानीय कारीगर एवं मजदूरों को रोजगार मिलेगा जिससे उनकी आय बढ़ेगी। स्टेशन के पुनर्विकसित होने से पर्यटन, स्थानीय हस्तशिल्प कला आदि को बढ़ावा मिलेगा जिससे क्षेत्र की लोकप्रियता बढ़ेगी एवं साथ रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।*

## खबर संक्षेप

### दुकान से नकदी चोरी के मामले में दो पकड़े

**बरवाला।** पुलिस की एंटी बर्लरी एंड व्हीकल थेफ्ट टीम ने अग्रोहा मार्ग पर स्थित खल-बिनौले की दुकान से नकदी चोरी के एक मामले में गांव दौलतपुर निवासी दो युवकों सन्नी उर्फ एमडी और कृष्ण को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से 2 लाख 34 हजार रुपये बरामद किए हैं। जांच अधिकारी एएसआई राकेश कुमार ने बताया कि बरवाला-अग्रोहा रोड पर स्थित दुकान संचालक जयप्रकाश ने 4 जुलाई को थाना बरवाला में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसकी दुकान से अज्ञात व्यक्ति द्वारा 2 लाख 70 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ली गई।

### राजगुरु मार्केट में शिव जागरण 22 को

**हिसार।** शिव शक्ति सेवा समिति द्वारा शिवरात्रि के उपलक्ष्य में 22 जुलाई को रात्रि 8 बजे राजगुरु मार्केट में शिव जागरण का आयोजन किया जाएगा। पंकज बाबा ने बताया कि जागरण में मुख्य अतिथि के रुप में समाजसेवी सुरेश चंद्र जैन सिसाए वाले भाग लेंगे तथा ज्योत जलाकर जागरण का शुभारंभ करेंगे।

### हड़ताल में भाग लेने पर जताया आभार

**हिसार।** एआईयूटीयूसी हरियाणा के प्रदेश उपाध्यक्ष व जिला सचिव मेहर सिंह बांगड़ ने 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल को सफल करने के लिए सक्रिय भूमिका अदा करने, सहयोग देने व हौसला बढ़ाने वाले तमाम बुद्धिजीवियों, औद्योगिक मजदूरों, स्कीम वर्करों, कर्मचारियों, मेहनतकश जनता व संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) के घटक किसान संगठनों, उनके नेताओं सहित लोगों का धन्यवाद किया।

### शिविर में 700 बच्चों के दांतों को जांचा

**हिसार।** मॉडल टाउन स्थित ऋषिकुल विद्या मंदिर में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए दो दिवसीय दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 700 विद्यार्थियों के दांतों की निःशुल्क जांच की गई। दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. सचिन मित्तल एवं उनकी टीम ने बच्चों के दांतों की जांच कर उन्हें दांतों की देखभाल संबंधी सुझाव दिए । शिविर में दांतों की सफाई, कैविटी की पहचान तथा अन्य डेंटल समस्याओं की जानकारी प्रदान की गई ।

### बूथ लेवल अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण 14 को

**हिसार।** नलवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र-53 में कार्यरत सभी सुपरवाइजर एवं मतदान स्तर अधिकारियों के लिए 14 जुलाई को एक दिवसीय राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम राजगढ़ रोड स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए 53-नलवा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचन पंजीयन अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सभी संबंधित सुपरवाइजर और बीएलओ एवं अधीनस्थ सभी कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे निर्धारित तिथि एवं स्थान पर समय पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## मात्र 15 एमएम बारिश ने खोली निकासी के प्रबंधों की पोल

# फेल हुए दावे, 24 घंटे में शहर दूसरी बार हुआ पानी-पानी

जिंदल हाउस के सामने बरसाती नाले का काम अधूरा, सड़क बरसाती पानी से लबालब, अगले 72 घंटे प्रदेश में सक्रिय रहेंगी हवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार




हिसार। डोगरान मोहल्ला रोड पर जलभराव के बीच से निकलता बाइक सवार तथा नई अनाज मंडी की मुख्य सड़क पानी से लबालब तथा नागरिक अस्पताल परिसर में खड़ा बरसाती पानी।



हिसार। सावित्री जिंदल के आवास के बाहर सड़क पर जलभराव।



हिसार। लोकल बस स्टैंड पर जलभराव। फोटो :हरिभूमि

पिछले चारों से मानसून हिसार व आसपास के एरिया में पूरी तरह से मेहरबान है। चारों दिनों तीन दिन मानसून की झमाझम बारिश ने लोगों को गर्मी व उमस से बड़ी राहत दिलवाई है। इसके साथ-साथ शहर कई पॉश एरिया सहित निचले इलाकों में जलभराव के कारण लोगों को परेशानी भी उठानी पड़ी। मात्र 24 घंटे के अंदर ही शहर के अधिकतर क्षेत्र व मुख्य सड़कों पर जलभराव हो गया। शहर की दर्जनों कॉलोनियों बरसाती पानी की निकासी के अभाव में झील में बदली नजर आई। यहां तक की नागरिक अस्पताल में परिसर ने भी तालाब की रूप ले लिया। गुरुवार को 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बता दें कि बुधवार की सायं हिसार शहर में 17.5 एमएम बारिश हुई थी। शहर के अधिकतम पारे ने गोता लगा दिया है। दिन का पारा 29.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जोकि सामान्य से करीब 5.5 डिग्री सेल्सियस कम है।

उधर, अच्छी बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे हैं। बारिश से खरीफ की फसलों खासकर कपास व नरमा की बढ़वार तेज होगी। इसके साथ धान की बिजाई भी रफ्तार पकड़ेगी। ज्यादा बारिश से कुछ सब्जियों की फसलों में नुकसान होने का अंदेशा जताया जा रहा है। उधर, मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि पिछले चार दिनों से मानसून टर्फ़ उत्तर की तरफ बने रहने के कारण दक्षिणपश्चिम मानसून प्रदेश में सक्रिय होने के कारण ज्यादातर क्षेत्रों में बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है। 15 जुलाई तक मौसम परिवर्तनशील रहेगा।

### इन इलाकों में जलभराव

गुरुवार की सुबह व दोपहर बाद हुई बारिश से शहर के कई क्षेत्रों में पानी भर गया। मानसून की अच्छी बारिश के चलते पुराने शहर एरिया में लगभग अधिकतर रिहायशी इलाके जलमग्न थे। खासकर ऋषिनगर, न्यू ऋषि नगर, लोकल बस स्टैंड, नई अनाजमंडी, जगजीवन नगर, डोगरान मोहल्ला, कुम्हारान मोहल्ला, विजय नगर, ज्योतिपुरा मोहल्ला, सैनियान मोहल्ला, ऑटो मार्केट रोड, मिलगेट रोड, 12 क्वार्टर रोड, शांतिनगर, राजीव नगर, बड़वाली ढाणी, महाबीर कॉलोनी, न्यू महाबीर कॉलोनी, सूर्य नगर, शिव नगर, शिव कॉलोनी, कृष्णा नगर, जयदेव ढाणी, छोटूराम कॉलोनी, लाजपत नगर, जवाहर नगर, पटेल नगर, दिल्ली रोड सहित कई क्षेत्र बरसाती पानी से लबालब थे।

### मौसम रहेगा परिवर्तनशील

हकृवि के कृषि मौसम विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. मदन खीचड़ के अनुसार बंगाल की खाड़ी की तरफ से नमी वाली मानसूनी हवाएं राज्य की तरफ लगातार आने की संभावना से हरियाणा राज्य में 15 जुलाई तक मौसम आमतौर पर परिवर्तनशील रहने की संभावना है। इस दौरान मानसूनी हवाओं की सक्रियता से 11 से 13 जुलाई तक राज्य के ज्यादातर क्षेत्रों में हवाओं व गरजचमक के साथ बारिश होने की संभावना है, परंतु 14 व 15 जुलाई को राज्य के उत्तरी जिलों में ज्यादातर स्थानों पर हवाओं व गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश तथा दक्षिण पश्चिमी जिलों में कहीं-कहीं हल्की बारिश की संभावना है।

## इंडस स्कूल में गुरु पूर्णिमा पर्व धूमधाम से मनाया




हिसार। गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रस्तुति देती छात्रा। फोटो :हरिभूमि

- गुरु हमें ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं : डॉ. एकता सिंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर इंडस आरपीएस पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों ने अपने गुरुओं के प्रति आदर और श्रद्धा प्रकट करते हुए एक भावनात्मक कार्य क्रम प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की प्रधानाचार्या नीलम राठी ने दीप प्रज्वलित एवं सरस्वती माता की तस्वीर पर फूल अर्पित करके की। कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्यभार दसवीं की छात्राओं गीत व सागरिका ने संभाला। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों ने इस विशेष दिन पर मन को छू लेने वाला भाषण, एक सुंदर कविता और एक मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। दसवीं की छात्रा अक्षिता व अनन्या ने अपने भाषण से जीवन में गुरुजनों के महत्व को बताया। छात्रा ध्वनि ने नृत्य प्रस्तुत करके गुरुजनों का सम्मान प्रकट किया। इस पूरे कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने यह सच्चाई उजागर की कि गुरु ही वह दीपक है जो अज्ञानता के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलता है। विद्यालय की चेयरपर्सन डॉ. एकता सिंधु ने बताया कि गुरु पूर्णिमा गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिन है, जो हमें ज्ञान और मार्गदर्शन प्रदान करते हैं और उन्होंने इस पावन पर्व की सभी को बहुत शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्या नीलम राठी व सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों पर पुष्पों की वर्षा करके उन्हें उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

### समाधान शिविर में डीसी ने सुनीं शिकायतें

**हिसार।** जिला प्रशासन द्वारा वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में उपायुक्त अनीश यादव ने जनसमस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में अधिकतर समस्याएं सम्मान भत्ता पेंशन, परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, राजस्व, पुलिस से जुड़े मामले, भूमि विवाद, प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित थी अधिकतर का मौके पर ही समाधान किया गया। समाधान शिविर में अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा, हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम, जिला परिषद सीईओ हरबीर सिंह, नगर निगम के एएमसी प्रदीप कुमार, खंड शिक्षा एवं पंचायत अधिकारी कीर्ति सिरोहीवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यालय में गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता हुई

- प्रतियोगिता में श्री काली देवी विद्या मंदिर प्रथम व श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वितीय स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। श्रीमद् भागवत गीता श्लोक उच्चारण अंतर विद्यालय प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते स्कूल प्रबंधक रजत अग्रवाल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्रांगण स्थित स्वामी गणेशानंद सभागार में बृहस्पतिवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्रीमद् भागवत गीता श्लोक उच्चारण अंतर विद्यालय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सनातन धर्म संस्था द्वारा स्थापित सभी विद्यालयों सभी हांसी तहसील के विद्यालयों के 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय प्रांगण में स्थित महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद जी गिरी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण और मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर वेद- मंत्रों तथा गुरु- वंदना के साथ किया गया। प्रतियोगिता में आचार्य विनोद कुमार शर्मा, प्रदीप भाटिया सीनियर लेक्चरर पीजीएसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल हिसार, निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल ने बताया कि प्रतियोगिता में श्री काली देवी विद्या मंदिर स्कूल प्रथम, श्री सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय द्वितीय तथा गुरु तेग बहादुर स्कूल तृतीय स्थान पर रहा।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधक रजत अग्रवाल ने निर्णायक मंडल, अभिभावकों व प्रबंधन समिति सदस्यों का कार्यक्रम में पधारने पर आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रजत कुमार अग्रवाल अग्रवाल, महासचिव नकुल अग्रवाल, वर्षा अग्रवाल, निशा अग्रवाल, एसडी कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय प्राचार्या रेनू बंसल, एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल प्राचार्या ऋतू सिंह, पीसीएसडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की प्राचार्या उर्मिला भारद्वाज सहित प्रतिभागी विद्यालयों के अध्यापक व विद्यार्थी उपस्थित थे।

## डोनाल्ड हाउस की आंचल व जैरी हाउस की हरमन बनी कैप्टन

- केबल्यू बैल्स कॉन्वेंट स्कूल में अलंकरण समारोह का आयोजन किया, बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। हाउस कैप्टन व वाइस कैप्टन के साथ स्कूल प्रधानाचार्या सुनीता रेड्डु। फोटो :हरिभूमि

बल्यू बैल्स कॉन्वेंट स्कूल में गुरुवार को हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन व स्टार स्टूडेंट ऑफ द मंथ के अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डोनाल्ड हाउस के लिए आंचल को हाउस कैप्टन व गरिमा को वाइस कैप्टन चुना गया। जैरी हाउस में हरमन कैप्टन व अमन को वाइस कैप्टन, गुफी हाउस में वंशिका को कैप्टन व एंजल को वाइस कैप्टन, डोरेमोन हाउस में भावना को कैप्टन व रिंकू को वाइस कैप्टन चुना गया। समारोह में विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्या सुनीता रेड्डु ने आह्वान किया कि वे अपने हाउस के लिए सकारात्मक व सहायक वातावरण तैयार करने में सक्रिय भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि नेतृत्व एक जिम्मेदारी है और उन्हें अपने साथियों के लिए एक प्रेरणा बनना चाहिए। प्रधानाचार्या ने प्रत्येक कक्षा के लिए स्टार स्टूडेंट ऑफ द मंथ के लिए निकुंभ, इनाया, भूमित, आसी, गर्वित, सौरव, नव्या, राधिका, नेहा व आंचल आदि का चयन किया। मुनीता, रेणू, संजना व प्रियंका को अलग- अलग हाउस का इंचार्ज बनाया गया।



हांसी। गुरु पूर्णिमा पर विद्यालय प्रांगण में त्रिवेणी लगाते स्कूल प्रबंधन समिति व स्कूल प्राचार्या लवली चावला। फोटो :हरिभूमि

### बाबा बंदा बहादुर स्कूल में गुरुओं का सम्मान किया

**हांसी।** बाबा बंदा बहादुर पब्लिक स्कूल में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरु पूर्णिमा हिन्दू धर्म का प्रमुख पर्व है जिसे हर साल आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। शास्त्रों के अनुसार इस तिथि पर महाभारत के रचयिता वेद व्यास का जन्म हुआ था। इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा सरस्वती पूजन करके व सभी अध्यापकों को तिलक लगाकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात विद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान आरपी परुथी, रमेश कुकड़ेजा, सुनीता (रिटायर्ड अधिकारी एसबीआई) रितेश कुकड़ेजा (सीनियर मैनेजर पीएनबी), आंचल कुकड़ेजा व विद्यालय प्रधानाचार्या लवली चावला ने विद्यालय परिसर में त्रिवेणी रोपण किया। विद्यालय की प्रबंधन समिति के प्रधान आरपी परुथी ने कहा कि हमारे जीवन में गुरु का विशेष महत्व होता है।

## आरपीएस स्कूल ने श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। गुरु पूर्णिमा पर आयोजित कार्यक्रम में गुरु की महिमा पर कविता सुनाती छात्रा। फोटो :हरिभूमि

आरपीएस पब्लिक स्कूल में गुरुवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कर इस पर्व को श्रद्धा और उत्साह से मनाया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने मंच के माध्यम से विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर गुरु की महत्ता को रेखांकित किया।

नृत्य, कविता, भाषण और लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों ने जीवन में गुरु के योगदान को भावपूर्ण ढंग से प्रस्तुत किया।

विद्यालय के प्राचार्य अनुपम गोयल ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए समस्त शिक्षकों छात्रों और अभिभावकों को गुरु-पूर्णिमा की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि गुरु न केवल ज्ञानदाता होते हैं, बल्कि वे जीवन निर्माता होते हैं। हमारे जीवन की सबसे पहली गुरु मां होती है जो हमें जीवन की प्रारंभिक शिक्षा देती हैं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि आज के वैज्ञानिक युग में शिक्षक समाज की एक अत्यंत जिम्मेदार इकाई बन गए हैं और उनकी भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। प्राचार्य गोयल ने कहा कि आज के शिक्षकों को अपनी गरिमा भूमिका और समाज में महत्व को भली-भांति समझना होगा। उन्होंने अभिभावकों से कहा कि आज के दौर में अभिभावकों को भी अध्यापक के कार्यों को समझकर उनके प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाना चाहिए।

### पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल मानी बने भरतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष



अनिल सैनी मानी

**हिसार।** पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी को भाजपा जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनिल मानी पहले भी पार्टी में विभिन्न पदों पर दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं। उनकी पार्टी के प्रति निष्ठा और समर्पण को देखते हुए जिला उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अपनी नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहनलाल बड़ौली, प्रदेश संगठन महामंत्री फणींद्र नाथ शर्मा, प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पूनिया, मंत्री कृष्ण बेदी, कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, पूर्व मंत्री डा. कमल गुप्ता, पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि सैनी, नलवा हलका के विधायक रणधीर पहिनार, विधायक सावित्री जिंदल, मेयर प्रवीन पोपली, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई, पूर्व मंत्री अनूप धानक व जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ का आभार व्यक्त किया है।

### विश्व हिन्दू परिषद की बैठक आयोजित

**हिसार।** विश्व हिन्दू परिषद् की जिला बैठक का आयोजन पारिजात चौक स्थित विवेकानन्द पुस्तकालय में किया गया। जिलाध्यक्ष डॉ राजेन्द्र गुप्ता ने बताया कि ज़िलास्तर पर होने वाली मासिक बैठक, विहिप की कार्यपद्धति का अति महत्वपूर्ण अंग है। इस बैठक में हिसार जिले के विभिन्न प्रखण्ड, खण्ड व ग्रामों से कार्यकर्ताओं का प्रतिनिधित्व रहा। प्रथम सत्र में विभाग संगठन मन्त्री प्रवीण क्रान्ति ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया और पिछले माह की समीक्षा सहित आगामी माह की योजना बनवाई। द्वितीय सत्र में प्रो. दीपक कुमार ने कार्यकर्ताओं को संगठन के दायित्व और उनके समर्पण का बोध करवाया। समापन सत्र में सत्संग का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विभिन्न कार्यकर्ताओं ने संचालन की भूमिकाओं का निर्वहन किया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9653530207, 8814999173, 9253681005

## आरती सिंह राव ने प्रशासनिक भवन का लोकार्पण किया

# अग्रोहा मेडिकल चिकित्सा शिक्षा का अहम स्तंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने कहा कि महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज अग्रोहा प्रदेश में स्वास्थ्य सेवा और चिकित्सा शिक्षा का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। स्वास्थ्य मंत्री गुरुवार को महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में नवीनीकृत प्रशासनिक भवन का विधिवत लोकार्पण करने के बाद आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थी। इस दौरान आरती सिंह राव ने महाविद्यालय में विकास कार्यों के लिए 21 लाख रूपये की अनुदान राशी देने की घोषणा भी की। इस दौरान कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड सांइटिफिक रिसर्च सोसायटी की अध्यक्षा व हिसार की विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व सांसद जनरल डीपी वत्स, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मधुसुदन अग्रवाल, पूर्व मेयर मनमोहन गोयल ने स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया। यह अत्याधुनिक प्रशासनिक भवन संस्थान की दक्षता और कार्यप्रणाली को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

लोकार्पण समारोह के अवसर पर मंत्री आरती सिंह राव ने प्रशासनिक भवन के नवीनीकरण के लिए कॉलेज प्रशासन की सराहना की।



हिसार। लोकार्पण करती स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव, साथ हैं महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड सांइटिफिक रिसर्च सोसायटी की अध्यक्षा व विधायक सावित्री जिंदल।

### मंत्री ने काउंसिल के साथ की बैठक

लोकार्पण के बाद स्वास्थ्य मंत्री राव ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज सोसायटी की एग्ज़िक्यूटिव काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता भी की। इस बैठक में कॉलेज के विकास, शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

### जिंदल ने भविष्य की योजनाओं पर डाला प्रकाश

मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए विधायक सावित्री जिंदल ने महाराजा अग्रसेन मेडिकल एजुकेशन एंड सांइटिफिक रिसर्च सोसाइटी के उद्देश्यों और भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सोसाइटी हरियाणा सरकार के सहयोग से चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करने और समाज को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

पेशाब
की समस्याओं का स्थाई इलाज
- बार-बार पेशाब आना व जलन होना।
- पेशाब की कमजोर धार या रुक-रुक कर आना।
- गुर्दे व नलकी की पथरी से पेशाब में समस्या।
- गदूद/प्रोस्टेट के ऑप्रेशन से पहले अवश्य सम्पर्क करें व ऑप्रेशन से बचें।

डॉ. एम.एस.पूनियाँ
(B.H.M.S., D.N.H.E.) Jaipur
35 वर्षों का अनुभव
परामर्श निःशुल्क (Free OPD)
समय : सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक
मंगलवार व शुक्रवार को अवकाश रहेगा
कृपया आने से पहले अपना रजिस्ट्रेशन करवा दें :
85709-15000
अशोका होम्योपैथिक हॉस्पिटल
Near Bus Stand, Gali No. 3, Rishi Nagar, Hisar